राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

क्रमांकः प.14(145)RSSB/अर्थना/CET Graduate/2024/ दिनांक :

–:: संशोधित विज्ञप्ति ::–

समान पात्रता परीक्षा (CET) (स्नातक स्तर)–2024

बोर्ड द्वारा समान पात्रता परीक्षा (CET) (स्नातक स्तर)–2024 हेतु दिनांक 06.08.2024 को विज्ञापन जारी कर दिनांक 09.08.2024 से दिनांक 07.09.2024 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। उक्त भर्ती हेतु जारी विज्ञापन के **बिन्दु संख्या 13 ऑनलाईन आवेदन में संशोधन की प्रक्रिया** को निम्न प्रकार प्रतिस्थापित किया जाता है–

i. यदि कोई अभ्यर्थी अपने ऑनलाईन आवेदन में संशोधन कराना चाहता है तो **परीक्षा आयोजन के पश्चात्** निर्धारित शुल्क 300/– रूपये देकर आवेदन में ऑनलाईन संशोधन कर सकता है। ऑनलाईन आवेदन में अभ्यर्थी **फोटो, हस्ताक्षर** एवं **उन सूचनाओं को परिवर्तित नहीं कर पाएगा जो उसने OTR के समय दर्ज की है,** शेष प्रविशिष्टियों में संशोधन किया जा सकेगा। शैक्षणिक योग्यता में अभ्यर्थी ऑनलाइन संशोधन की अवधि में ही संशोधन कर सकते है। इसके पश्चात् शैक्षणिक योग्यता के कॉलम में बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम, रोल नं., उत्तीर्ण वर्ष इत्यादि में कोई संशोधन नहीं कर सकेगा। बोर्ड द्वारा जारी कार्यालय आदेश दिनांक 27.07.2023 के अनुसार ऑनलाईन आवेदन के लिये **One Time Registration (OTR) में शैक्षणिक योग्यता में केवल मात्र एकबारीय संशोधन की अनुमति दी गयी है।** सर्वप्रथम अभ्यर्थी अपने OTR में शैक्षणिक योग्यता में वांछित संशोधन कर लेवें। अभ्यर्थी संशोधन करने के उपरान्त ही ऑनलाईन आवेदन भरें। यदि अभ्यर्थी भर्ती का ऑनलाईन आवेदन सबमिट कर चुका है तो ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी को शैक्षणिक योग्यता में संशोधन करने हेतु पहले, OTR पेज पर स्वयं की शैक्षणिक योग्यता में संशोधन करना होगा इससे उस शैक्षणिक योग्यता में संशोधन करने का विकल्प स्वयं के ऑनलाईन आवेदन में ऑनलाईन आवेदन को संशोधित करने की अवधि के दौरान उपलब्ध रहेगा, जिसे उपयोग में लेकर वह शैक्षणिक योग्यता में वांछित संशोधन कर सकता है। ऑनलाईन आवेदन में संशोधन हेतु निर्धारित फीस जमा कराने की प्रक्रिया ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया के समान ही होगी।

ii. यदि किसी अभ्यर्थी के ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि रह जाती है तो उसे परीक्षा आयोजन के पश्चात् ऑनलाईन त्रुटि संशोधन हेतु एक निश्चित समय दिया जायेगा जिसमें अभ्यर्थी अपने ऑनलाईन आवेदन की त्रुटि को ऑनलाईन संशोधन कर सकेगा। ऑनलाईन आवेदन में संशोधन हेतु दिनांक एवं समय की सूचना पृथक से बोर्ड की वेबसाईट के माध्यम से दी जायेगी। उक्त निर्धारित समय में अभ्यर्थी अपने ऑनलाईन आवेदन में निर्धारित संशोधन शुल्क 300/– रूपये ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया के समान भुगतान कर संशोधन कर सकेगा।

iii. इसके पश्चात् ऑनलाईन आवेदन में किसी प्रकार का संशोधन/परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा ऐसी किसी भी त्रुटि का सम्पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा।

RajKaj Ref
9801288

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date: 2024.08.14 17:45:10 IST
Reason: Approved

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

बोर्ड द्वारा ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि के पश्चात 07 दिवस में संशोधन का अवसर प्रदान नहीं करके समस्त अभ्यर्थियों को परीक्षा आयोजन के पश्चात ही ऑनलाईन आवेदन में संशोधन का अवसर दिया जावेगा।

(डॉ. बी. सी. बधाल)
सचिव

RajKaj Ref
9801288

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date: 2024.08.14 17:45:10 IST
Reason: Approved